छिंदी पंचायत में एलईडी खरीदी पर उठे सवाल, दो फर्मों से खरीद की जांच की मांग

दो लाख रुपये से अधिक की विद्युत सामग्री की खरीदी पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, जिला पंचायत के निर्देश के बाद भी जांच की रफ्तार पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जनपद पंचायत तामिया की छिंदी ग्राम पंचायत में एलईडी लाइट एवं अन्य विद्युत सामग्री की खरीदी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने खरीदी प्रक्रिया, सामग्री की कीमतों और संबंधित फर्मों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि पंचायत में दो अलग-अलग फर्मों से विद्युत सामग्री खरीदी गई, लेकिन बाजार भाव और भुगतान की गई राशि के बीच अंतर की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने नहीं आ पाएंगे। ग्रामीणों का दावा है कि यदि सामग्री की खरीदी औसत बाजार दर पर की जाती तो खर्च में काफी बचत हो सकती थी। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि संबंधित बिल, भुगतान अभिलेख और खरीदी प्रक्रिया की जांच के बाद ही हो सकेगी।


हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि
अधिकारी नदारद, पंचायतों में मनमानी!
छिंदी में एलईडी मरम्मत के नाम पर 2.78 लाख के भुगतान पर भ्रष्टाचार की संदेह

दो फर्मों से खरीदी, कीमतों के अंतर पर सवाल

जानकारी के अनुसार, छिंदी जैसी छोटी ग्राम पंचायत में दो लाख रुपये से अधिक की विद्युत सामग्री छिंदवाड़ा स्थित फर्म से खरीदे जाने का मामला सामने आया है। खरीदी में दो अलग-अलग फर्मों की भूमिका और उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की कीमतों को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि दोनों फर्मों के बिल, सामग्री की मात्रा, ब्रांड, गुणवत्ता और बाजार दर का मिलान कराया जाए तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीण यह भी जानना चाहते हैं कि पंचायत को संबंधित फर्मों की जानकारी कैसे मिली और बिना निविदा की स्थिति में खरीदी के लिए फर्म का चयन किन आधारों पर किया गया। पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज प्रक्रिया, उपलब्ध दस्तावेजों और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का संदेह है कि कहीं प्रक्रिया की कमियों का फायदा उठाकर निर्धारित दर से अधिक कीमत पर सामग्री तो नहीं खरीदी गई।

प्रभारी सचिव की भूमिका भी जांच के दायरे में

मामले में पंचायत सचिव के पास अतिरिक्त प्रभार होने की बात भी चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि अतिरिक्त प्रभार के कारण खरीदी प्रक्रिया की निगरानी और जवाबदेही से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों की भूमिका स्पष्ट करने के लिए यह जांच जरूरी है कि खरीदी का प्रस्ताव किसने तैयार किया, फर्म का चयन किसने किया, सामग्री की गुणवत्ता का सत्यापन किसने किया और भुगतान की स्वीकृति किन दस्तावेजों के आधार पर दी गई। हालांकि, सचिव या किसी फर्म की मिलीभगत की पुष्टि अभी जांच का विषय है। ऐसे में दस्तावेजों और संबंधित पक्षों के बयान के आधार पर ही किसी की जिम्मेदारी निर्धारित की जा सकती है।

एलईडी की गुणवत्ता और स्थापना की प्रक्रिया पर भी सवाल

ग्रामीणों ने केवल खरीदी की कीमत ही नहीं, बल्कि आपूर्ति की गई सामग्री और उसकी स्थापना को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जांच में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि एलईडी लाइट किस कंपनी की हैं, उनकी क्षमता कितने वाट की है, वारंटी कितने समय की है और क्या सामग्री निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप है। इसके साथ ही सप्लाई ऑर्डर, बिल, भुगतान रसीद और स्टॉक रजिस्टर का मिलान भी कराया जाना चाहिए। यह भी जांच का विषय है कि बिजली के खंभों पर एलईडी लगाने के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था अपनाई गई थी या नहीं। जहां विद्युत विभाग की अनुमति अथवा शटडाउन जरूरी था, वहां संबंधित अनुमति ली गई थी या नहीं, इसकी भी पड़ताल की जानी चाहिए। स्थापना का कार्य प्रशिक्षित कर्मचारियों ने किया था या नहीं, इसका सत्यापन भी आवश्यक है। ग्रामीणों ने पुरानी लाइटों को नई बताकर भुगतान किए जाने की आशंका जताई है, जिसकी पुष्टि भौतिक सत्यापन और अभिलेखों के मिलान से ही संभव है।

फर्मों के कारोबार और पंजीयन की जांच की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित फर्मों के पंजीयन, अधिकृत दुकान, विद्युत सामग्री की आपूर्ति करने की पात्रता और वास्तविक कारोबारी गतिविधियों की जांच होनी चाहिए। यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि इन फर्मों ने अन्य ग्राम पंचायतों अथवा नगरीय निकायों में विद्युत सामग्री की आपूर्ति की है या नहीं। यदि अन्य स्थानों पर भी इसी तरह खरीदी हुई है तो वहां के बिल और भुगतान रिकॉर्ड का परीक्षण किया जा सकता है। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि खरीदी सामान्य प्रक्रिया के तहत हुई या कहीं नियमों और वित्तीय प्रावधानों की अनदेखी की गई। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद यह मामला चर्चा में आया है और ग्रामीण अब पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

जिला पंचायत के निर्देश के बाद भी कार्रवाई का इंतजार

मामले को लेकर जिला पंचायत स्तर से जांच के निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि करीब एक सप्ताह बीतने के बाद भी जनपद स्तर पर जांच की ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभारी सचिव से पूछताछ और दस्तावेजों की पड़ताल शुरू नहीं किए जाने से मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि खरीदी से जुड़े सभी बिल, निविदा अथवा कोटेशन संबंधी दस्तावेज, भुगतान रिकॉर्ड, सप्लाई ऑर्डर और सामग्री का भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही बाजार दर से तुलना कर यह भी जांचा जाए कि पंचायत को आर्थिक नुकसान हुआ है या नहीं।

12 वर्षीय बेटी ने दी वीर सपूत को मुखाग्नि नम आंखों से सैनिक सम्मान के साथ बीएसएफ जवान को अंतिम विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

देश की रक्षा में समर्पित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान नरेंद्र सौदागर के असामयिक निधन से पांढुर्णा में शोक की लहर दौड़ गई है। मथुरा में पदस्थ जवान नरेंद्र सौदागर बीमारी के चलते नागपुर के मिलिट्री हॉस्पिटल में उपचाराधीन थे, जहां उन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली। रविवार को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर उनके पैतृक निवास जवाहर वार्ड, पांढुर्णा पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

स्थानीय मोक्षधाम में बीएसएफ के सहकर्मी जवानों और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस हृदयविदारक और भावुक क्षण में उनकी पत्नी कल्पना और 12 वर्षीय पुत्री निकिता सहित पूरा शहर मौजूद रहा।

बेटी ने निभाई फर्ज की अंतिम कड़ी

अपने पिता की पार्थिव देह को अंतिम विदाई देते हुए 12 वर्षीय बेटी निकिता ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मार्मिक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। देश के लिए समर्पित एक वीर सपूत की इस अंतिम विदाई ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

तथ्यों के साथ जनता के बीच पहुंचेगी भाजपा : यादव

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को जिले में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे तथा नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने अभियान के उद्देश्यों और जनसंपर्क गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया आदि मौजूद रहे।

उत्कृष्ट पशुपालकों को मिलेगा 1 लाख, 50 हजार, 25 हजार का पुरस्कार

गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत 27 से 31 अक्टूबर तक होगी दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गायों की दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली गाय के पशुपालक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार राशि विजेताओं के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

पशुपालकों को प्रोत्साहित करना और देशी नस्लों का संवर्धन योजना का उद्देश्य



गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का उद्देश्य ग्राम स्तर पर दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, अधिक दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक गायों की पहचान करना है। योजना के माध्यम से पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ उन्नत देशी नस्लों के पालन, संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना से पशुपालकों की आय में वृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा वृंदावन ग्रामों को दुग्ध उत्पादन और देशी गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

जिले के 5 वृंदावन ग्रामों में होगी प्रतियोगिता

जिले में मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित 5 ग्रामों में विधानसभा क्षेत्रवार प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इनमें विधानसभा छिन्दवाड़ा के भैंसादंड, परासिया के बिजकवाड़ा, जुन्नारदेव के लहगडुआ, अमरवाड़ा के शारदा सालीवाड़ा एवं चौरई के समसवाड़ा शामिल हैं। प्रतियोगिता में गिर, साहीवाल, थारपारकर, हरियाणा, कांकरेज, मालवी, रेड सिंधी, निमाड़ी एवं राठी सहित उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गायों को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान विकासखंड स्तरीय समिति के समक्ष गायों का तीन समय दुग्ध दोहन किया जाएगा। इसके आधार पर दुग्ध उत्पादन का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के पशुपालक भाग ले सकेंगे। ऐसे पशुपालक जिनकी गाय प्रतिदिन 6 लीटर या उससे अधिक दूध देती है, वे प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए पात्र होंगे।

सांसद ने जाना लोगों का हाल-चाल और दिवंगत जनों को अर्पित की श्रध्दांजलि

छिंदवाड़ा। जिले के आमजनों के साथ-साथ भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं।

इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम थावरीकलां में विभिन्न लोगों के निवास स्थान पहुंचकर मुलाकात की। जिसके तहत उन्होंने ग्राम थावरीकलां में नीरज मोहबिया के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता गयाप्रसाद मोहबिया से मुलाकात करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

हरिप्रसाद दुबे के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता रामभरोस दुबे से मुलाकात करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

पुलिस ने स्कूल के सामने पकड़ी 60 लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

गत दिवस विकासखंड के ग्राम राजोराकला में पुलिस ने महुआ से बनी 60 लिटर अवैध शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजोराकला में पांदुर्णा पुलिस ने कारवाई करते हुए चार कुप्पियों में ले जाई जा रही कच्ची शराब को जब्त कर लिया।

हाथभट्टी में बनी अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पांढुर्णा पुलिस ने यह कारवाई की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने यह कारवाई की। पूछताछ में आरोपी की पहचान प्रमोद पिता सुल्लू उइके (30 वर्ष), निवासी ग्राम राजोराकला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान चारों कुप्पियों से कुल 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। मामले में अपराध क्रमांक 510/2026 के तहत धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विदिता डागर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद के निर्देशन तथा एसडीओपी बृजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार दाणी के नेतृत्व में की गई।

कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राकेश, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र तथा आरक्षक शिव अवतार, पुष्पेन्द्र सिंह और शिवकुमार की भूमिका रही। पुलिस के अनुसार, जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

शरद पूर्णिमा पर जीवंत हुई अनूठी रामलीला

अयोध्या लौटे श्रीराम के मंचन में खुले कई अनछुए प्रसंग, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

'श्री रामलीला मंडल, छोटी बाजार, छिंदवाड़ा' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मंच पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य एवं विशेष लीला का मंचन किया गया।

दशहरे के उपरांत आयोजित होने वाले इस विशेष एक दिवसीय आयोजन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के लंका से वापस अयोध्या लौटने और तत्पश्चात भव्य राज्याभिषेक की लीला का सजीव मंचन किया गया। इस दौरान मंच पर ऐसे कई विशेष प्रसंगों को दर्शाया



गया, जिनका मंचन सामान्यतः रामलीलाओं में देखने को नहीं मिलता है। संरक्षक कस्तूरचंद जैन एवं राजू चरणागर ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर हुए इस मनमोहक मंचन में भगवान श्री राम द्वारा सीता जी के अग्नि प्रवेश के रहस्य का सुंदर उद्घाटन किया गया।

प्रसंग के माध्यम से दिखाया गया कि जब लक्ष्मण जी द्वारा शूर्पणखा की नाक काटी जाती है और खर-दूषण वध होता है, तब भगवान श्री राम, लक्ष्मण जी को किसी अन्य कार्य से भेजकर माता सीता को अग्निदेव को समर्पित कर देते हैं और अग्निदेव से माता सीता का छाया रूप प्राप्त कर लेते हैं। रावण द्वारा इसी छाया रूप का हरण किया जाता है और लंका में वही छाया रूप निवास करता है।

तत्पश्चात, रावण वध के बाद जब माता सीता को पालकी में लाया जाता है, तब श्री राम सार्वजनिक रूप से उन्हें अग्नि परीक्षा देने के लिए कहते हैं।

110 गर्भवती महिलाओं की जांच, 37 महिलाएं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के रूप में चिन्हित

छिंदवाड़ा। जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा के मातृत्व विंग में गत दिवस प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के अंतर्गत विशेष एएनसी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन एवं सिविल सर्जन डॉ. कंचन दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। कैंप का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ एएनसी सेवाएं उपलब्ध कराना, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (एचआरपी) की समय पर पहचान करना, आवश्यक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा जरूरत के अनुसार समय पर रेफरल सुनिश्चित करना रहा।

पुलिस की कार्रवाई, 1500 किलो महुआ लहान नष्ट

अवैध कच्ची शराब बनाने की तीन हाथ भट्टियां मिलीं, मौके पर ही नष्ट की गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अवैध महुआ कच्ची शराब के निर्माण और कारोबार के विरुद्ध लावाघोघरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम अम्बामाली के जंगल में अवैध शराब बनाने की सामग्री नष्ट की। पुलिस ने मौके से तीन हाथ भट्टियों से संबंधित सामग्री और करीब 1500 किलो महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया। यह कार्रवाई रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को चौकी सांवरी पुलिस द्वारा की गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन तथा थाना प्रभारी लावाघोघरी के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चौकी सांवरी पुलिस ने ग्राम अम्बामाली के जंगल क्षेत्र में स्थित नाले के पास कार्रवाई की।

जांच के दौरान वहां अवैध रूप से महुआ कच्ची शराब तैयार करने के लिए उपयोग की जा रही तीन हाथ भट्टियों से संबंधित सामग्री मिली। मौके पर लगभग 1500 किलो महुआ लहान भी पाया गया, जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब निर्माण पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। बताया गया कि सामग्री लावारिस अवस्था में मिली थी। ऐसे में मौके पर किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की जानकारी सामने नहीं आई है।

पुलिस टीम की रही विशेष भूमिका : इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सांवरी उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी, सहायक उप निरीक्षक नितेश ठाकुर, आरक्षक रविंद्र दुबे, आरक्षक विजय सनोडिया, आरक्षक रम्मू सिंह एवं सैनिक नेमीचंद्र की विशेष भूमिका रही।

गांवों के विकास के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित: साहू

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप अब गांवों में भी ग्रामीणों को शहरवासियों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। गांवों के निरंतर चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे भारत विश्वगुरू बना है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने बीसापुरकलां में लाखों के निर्माण कार्यों की सौगात देते हुए कही। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने बीसापुरकलां में स्टॉप शुल्क की 25 लाख निधि से निर्मित छत्रपति शिवाजी महाराज सामुदायिक भवन, सांसद निधि से 2- 2 लाख की लागत से श्री राम मंदिर के पास अतिरिक्त कार्य एवं बाजार चौक में रंगमंच निर्माण, स्ट्रीट लाइट एवं केबल का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान ग्राम बिसापुरकलां में लगभग 550 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत निःशुल्क रजिस्ट्री का वितरण भी किया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने ग्राम बीसापुर कलां के सम्पूर्ण विकास में उनकी सहभागिता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की एवं ग्राम बीसापुर कलां में चल रहे विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ग्राम के सरपंच वेद सिसोदिया एवं स्थानीय कर्मचारी- अधिकारियों के कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बरारिया में प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवचेतना पब्लिक वेलफेयर सोसायटी (नवांकुर संस्था), सेक्टर-04 द्वारा गत दिवस विकासखंड परासिया के ग्राम बरारिया में प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकासखंड समन्वयक संजीव भावरकर, परामर्शदाता शंकरलाल प्रजापति एवं सेक्टर-04 के मेंटर मनीष कैथवास के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अंकेश बाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच मोहन कहार एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

नपा की व्यवस्था पर उठे सवाल, स्वच्छ जल और कुंड की व्यवस्था नहीं होने पर नागरिकों में नाराजगी

जुन्नारदेव में गंदे पानी में हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान सफाई और स्वच्छ जल की व्यवस्था को लेकर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जिस देवी प्रतिमा की नगरवासियों ने 10 दिनों तक पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की, उसका विसर्जन गंदगी और बदबूदार पानी के बीच किए जाने से स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है।

नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय रहते विसर्जन स्थल की सफाई और स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते श्रद्धालुओं को असुविधा का



सामना करना पड़ा। धार्मिक आयोजनों के दौरान साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देना स्थानीय निकाय की जिम्मेदारी होती है।

ऐसे में विसर्जन स्थल पर गंदगी और दूषित पानी की स्थिति ने नगर पालिका की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि जब प्रतिमा विसर्जन की तारीख पहले से निर्धारित थी, तब संबंधित अधिकारियों को आवश्यक इंतजाम पहले ही कर लेने चाहिए थे।

सफाई और कुंड की व्यवस्था पर सवाल

स्थानीय लोगों के अनुसार, विसर्जन स्थल पर न तो पर्याप्त साफ-सफाई दिखाई दी और न ही स्वच्छ जल से भरे कुंड की समुचित व्यवस्था नजर आई। कचरे और बदबूदार पानी के बीच प्रतिमा विसर्जन होने से श्रद्धालुओं को निराशा हुई। लोगों का कहना है कि धार्मिक आस्था से जुड़े ऐसे आयोजनों में नगर पालिका को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण मिल सके। नागरिकों ने सवाल उठाया कि जब प्रतिमा विसर्जन हर वर्ष होने वाला आयोजन है, तो इसके लिए स्थायी या अस्थायी विसर्जन कुंड तैयार करने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? क्या नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया था? यदि निरीक्षण किया गया था, तो वहां फैली गंदगी को समय रहते साफ क्यों नहीं कराया गया? प्रतिमा विसर्जन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। ऐसे में विसर्जन स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। नागरिकों का कहना है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए नगर पालिका को पहले से योजना बनाकर विसर्जन कुंड तैयार करना चाहिए। साथ ही कचरे का समय पर उठाव, पानी की सफाई और स्थल का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष की जवाबदेही पर चर्चा

इस मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठ रहे हैं। नाराज नागरिकों का कहना है कि शहर की सफाई व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका का दायित्व है। इसके बावजूद विसर्जन स्थल पर ऐसी स्थिति बनना व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल खड़े करता है। हालांकि, इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष और संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना भी जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विसर्जन स्थल पर सफाई और स्वच्छ जल की व्यवस्था क्यों नहीं हो पाई।

छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर बनेगा मराठा समाज का सामाजिक भवन

सांसद ने मराठा समाज के सामाजिक भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिला क्षत्रिय मराठा समाज के प्रस्तावित छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास रविवार को नागपुर रोड स्थित ग्राम सर्रा के वार्ड क्रमांक 35 में सीवरेज प्लांट के समीप किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने विधिवत भूमिपूजन कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया और सांसद को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर मराठा समाज का सामाजिक भवन बनेगा। उन्होंने कहा कि मराठा समाज लंबे समय से छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर सामाजिक भवन निर्माण की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व उन्होंने भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने का वादा किया था, जिसे पूरा किया है। सांसद बंटी विवेक साहू ने मराठा समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 15 लाख दिए है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए भवन की आवश्यकता होती है, उक्त भवन के निर्माण से यह कमी भी पूरी हो सकेगी। उन्होंने समाज के लोगों से भी भवन निर्माण के लिए सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि भव्य सामाजिक भवन का निर्माण हो सके।



भाग्यश्री चौरागड़े का एमबीबीएस चयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष की बधाई

सौंसर। सौसर क्षेत्र के अनेक बच्चों का एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, पूर्व भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ के द्वारा बच्चों के निवास पहुचकर स्वागत सत्कार किया जा रहा है।रविवार को ग्राम रामाकोना के सफल व्यवसायी प्रहलाद चौरागड़े एवं योगिता चौरागड़े की सुपुत्री कु. भाग्यश्री चौरागड़े का मानसरोवर विश्वविद्यालय, भोपाल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए चयन हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार और पूरे ग्राम में हर्ष का माहौल है।भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने भाग्यश्री के निवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाग्यश्री की मेहनत और लगन से परिवार व ग्राम का गौरव बढ़ा है, और वह भविष्य में कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगी। भाग्यश्री ने सफलता का श्रेय माता-पिता, भाई और गुरुजनों को दिया।इस अवसर पर उनके बड़े पापा कैलाश चौरागड़े, मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, नामदेव पाल, मुन्ना भाई कलाम, संतोष चौधरी, रवि नीरगुडे, अजय चौरागड़े, धर्मेंद्र नाशीने, गणेश राठौर, संजय बागड़े, वैष्णव चौरागड़े,आदि उपस्थित रहे।

यूनिवर्सल खो-खो क्लब द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता चयन प्रक्रिया संपन्न



सौंसर। रविवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर के खेल प्रांगण में जिला खो-खो संघ एवं यूनिवर्सल क्लब सौसर (जिला पांढुर्ना) के तत्वावधान में जूनियर वर्ग (18 वर्ष) बालक-बालिका चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री श्री नानाभाऊ मोहोड और भाजपा युवा मोर्चा ब्लॉक सौसर के अध्यक्ष श्री सौरभ अढाऊ की अध्यक्षता में हुआ।उद्घाटन अवसर पर श्री नानाभाऊ मोहोड ने कहा कि खो-खो केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है जो हमें जड़ों की याद दिलाता है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है। वहीं, श्री सौरभ अढाऊ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत खेल के दो पहलू हैं। परिणाम की चिंता किए बिना पूरी खेल भावना, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ मैदान में उतरें, क्योंकि आपका हर एक 'खो' और 'डाइव' कड़ी मेहनत को दर्शाता है।इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सौसर, रामाकोना, पांढुर्णा, बोरगांव, पीपला नारायणवार और बेरडी सहित अन्य स्थानों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का सफल संचालन यूनिवर्सल खो-खो क्लब सौसर के सचिव श्री दर्शन बाविसटाले, मिलिंद चारे और बाबा खान ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कोच नम्रता लिखारे, सिद्धार्थ चोखेकर, मुकेश गव्हाने, देवेंद्र चौधरी, अनिकेत संदीप पातुरकर और दर्शन पखाले का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

डायल-112 और पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर नाबालिग को सकुशल परिजनों को सौंपा



पांढुर्णा। पांढुर्णा पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता ने एक बार फिर अनुकरणीय मिसाल पेश की है। डायल-112 पर मिली समय पर सूचना और पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते आजनगांव के पास अकेली भटक रही 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को संभावित अनहोनी से बचाते हुए सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचा दिया गया। विकासखंड के ग्राम आजनगांव के पास एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका निवासी थाना मोहगांव को अकेला भटकते हुए देखा गया था। बालिका के अकेले होने और किसी अप्रिय घटना की आशंका को भांपते हुए सतर्क नागरिकों ने तुरंत डायल-112 पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरवी टीम ने बिना एक पल गंवाए मौके के लिए प्रस्थान किया और बालिका को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर चौकी बड़चिचोली पहुंचाया। इसके पश्चात, कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना मोहगांव के उपनिरीक्षक नन्हेलाल मरावी ने तत्परता दिखाते हुए बालिका के परिजनों से संपर्क साधकर समन्वय स्थापित किया। अंततः पुलिस ने पूरी सुरक्षा के साथ बालिका को उसके घर पहुंचाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समय पर मिली सूचना और पुलिस के त्वरित व संवेदनशील एक्शन के कारण एक बड़ी घटना टल गई। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और राहत की सांस ली। पुलिस की आमजन से अपील पांढुर्णा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बच्चों को कहीं भी अकेला या असहाय अवस्था में देखने पर उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और तुरंत डायल-112 पर सूचना दें। आपकी एक छोटी-सी पहल किसी बड़े संकट या अनहोनी को टाल सकती है।

पेटदेवरी में हुआ दंगल, महिला पहलवानों ने भी दिखाया दमखम, विधायक ने महिला पहलवान का बढ़ाया हौसला



हरई। अमरवाड़ा विधानसभा के ग्राम पेटदेवरी में पारंपरिक दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय एवं बाहर से आए पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह की मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस दंगल में बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान महिला पहलवानों ने भी अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने छोटी महिला पहलवान का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के आयोजन हमारी परंपरा और संस्कृति को सहेजने का काम करते हैं। कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों में महिला पहलवानों की भागीदारी समाज के लिए उत्साहजनक है।दंगल के अंतिम चरण में पांच जोड़ियों के बीच मुकाबले हुए। सभी पांचों जोड़ियों के मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। इसके बाद कमेटी की ओर से प्रत्येक पहलवान को 5,000 रुपये की राशि प्रदान की गई।इस दंगल का आयोजन पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेलाल डेहरिया तथा आयोजन समिति के माध्यम से किया गया।ये रहे उपस्थितइस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर, जिला मंत्री दीपक नेमा, भाजपा नेता नितीन तिवारी, जिला मंत्री शैलेन्द्र पटेल, मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, जिला निगरानी समिति सदस्य मुकेश सूर्यवंशी, राधेलाल डेहरिया, सीताराम डेहरिया, भगवत पटेल, मुकेश यादव, सरपंच ढुलीचंद यादव, अशोक डेहरिया, धनपाल शाह उईके, राजेश डेहरिया आदि मौजूद रहे।

सर्पदंश करें तो करें समय पर ईलाज



छिंदवाड़ा। सांप का काटना एक चिकित्सीय आपातकाल हे ,शीघ्र पहचान ओर त्वरित उपचार से जीवन बच सकता हे । सामुदायिक जागरूकता लाने के लिए सर्पदंश पर प्रशिक्षण होम गार्ड परिसर में जिला होम गार्ड कमांडेंट स्नेहलता पाठ्या, सिविल डिफेंस के सब डिवीजन वार्डन श्यामल राव की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर सर्प मित्र हेमंत गोदरे ने उपस्थित आपदा मित्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बरसात के समय अक्सर सर्पदंश की घटनाए अधिक होती है,इससे बचने के लिए सभी को जागरूक रेहना होगा । देश मे लगभग 250 से 300 प्रजाति के सांप पाये जाते हे जिसमे चिन्हित सांपो मे कोबरा, करेत, रसेल वाईपर, सा स्केल वाईपर , जो अत्यंत जहरीले सांपो की श्रेणी मे आते हे शेष सभी सांप नान पाईजनेस होते हे सांपो का काटना एक गंभीर चिकित्सकीय स्थिति है जो विषेले या गेर विषेले सांपो के कारण होती हे यदि इसका तुरंत ईलाज ना किया जाय तो इससे मृत्यु या विकलांगता आ सकती हे ,। अक्सर यह घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रो मे सबसे ज्यादा देखी जाती हे,ओर सांप काटने पर ग्रामीण जन झाड़फूंक पर अपना समय व्यर्थ करने के कारण व्यक्ति की मृत्यू हो जाती हे ।इसलिए सांप के काटने पर काटे गये स्थान पर साबुन से धोये ,उक्त स्थान पर सपोर्ट के सहारे हल्के से बैंडेज लपेटे,पानी ना पिलाये ओर सोने नही दे एवं बिना विलंब किये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर एंटीवैनम का इजेक्शन लगवाये ,एंटीवैनम समस्त स्वास्थ्य केंद्र मे उपलब्ध होते है।

तारणगिरी गुफा में तोड़फोड़, अध्यात्मवाणी ग्रंथ को किया क्षतिग्रस्त

मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और तीर्थस्थल के पुनर्निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र स्थित श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थक्षेत्र सेमलखेड़ी जी के अंतर्गत तारणगिरी गुफा में तोड़फोड़ एवं जैन समाज की आस्था के केंद्र श्री अध्यात्मवाणी जी ग्रंथाधिराज को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर जैन समाज में आक्रोश और चिंता का माहौल है।

समाज की ओर से इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त गुफा एवं परिसर का पुनर्निर्माण कराने की मांग की गई है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम), चौरई के माध्यम से ज्ञापन सौंपकरज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 9 एवं 10 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने तीर्थक्षेत्र से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित तारणगिरी गुफा के मुख्य द्वार का ताला तोड़ दिया। इसके बाद गुफा की दीवारों एवं गुंबद को क्षतिग्रस्त किया गया। साथ ही सोलहवीं शताब्दी के महान संत आचार्य प्रवर 108 श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज द्वारा विरचित श्री अध्यात्मवाणी जी ग्रंथाधिराज को भी क्षति पहुंचाई गई।

ज्ञापन के अनुसार, दानपात्र तोड़कर उसमें रखी धनराशि भी चोरी कर ली गई। बताया गया कि श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थक्षेत्र सेमलखेड़ी जी, जिला विदिशा, जैन समाज का प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है। यह महान संत आचार्य श्री जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज की दीक्षा स्थली एवं तपोभूमि के रूप में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु तप, ध्यान, दर्शन एवं आत्मआराधना के लिए पहुंचते हैं।

दोषियों पर कार्रवाई और गुफा के पुनर्निर्माण की मांगघटना से जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की बात कहते हुए ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त गुफा, दीवारों, गुंबद एवं परिसर की शासकीय स्तर पर मरम्मत और पुनर्निर्माण कराने की मांग भी की गई है, ताकि इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सके।

इंडोर स्टेडियम के समीप बन रहे निर्माणाधीन स्विमिंग पूल के चारों ओर लगे बिजली के वायर और पाइप चोरी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के रानी अवंतीबाई स्टेडियम के बगल में बन रहे निर्माणाधीन स्विमिंग पुल में बीती रात अज्ञात चोरों ने बिजली के केबल वायर व बिजली फिटिंग के पाईप चुरा लिया। रविवार की सुबह जब ठेकेदार के पार्टनर राजेश बॉबी परिहार स्विमिंग पुल का जायजा लेने के लिए निर्माण स्थल पर पहुँचे, तब उन्होंने स्विमिंग पुल के चारों ओर लगे बिजली के केबल वायर और बिजली फिटिंग के पाइप कटे हुए पाये।

जिस पर उन्होंने निर्माण स्थल पर चौकीदारी करने वाले युवक से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह सोया हुआ था, इसीलिए उसे चोरी की घटना की जानकारी नहीं मिल पाई। चोरी की वारदात की जानकारी मिलने पर ठेकेदार सुनील बंटी पारधी भी निर्माण स्थल पर पहुंचे और चौकीदार से पूछताछ की। लेकिन चोरों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। फिलहाल ठेकेदार द्वारा चोरी की कोई रिपोर्ट पुलिस थाने में नहीं लिखवाई गई है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि स्विमिंग पुल के बगल में स्थित रानी अवंतीबाई स्टेडियम में शनिवार की लगभग रात भर मंच निर्माण का कार्य चलता रहा है। वहीं निर्माण स्थल पर भी एक चौकीदार रात में सोता है। लेकिन उसके बावजूद भी चोरों ने स्वीमिंग पुल के अंदर साईड में लगे हुए बिजली के पाईप व उसके अंदर की केबल को काट कर ले जाने का दुहसाहसिक कार्य किया है। वैसे भी पिछले कुछ महीनों से नगर व क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही है। जिस पर पुलिस का कोई नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। जिससे चोर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है।

भैंस को बचाने नहर में उतरे 25 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खापा में रविवार की सुबह लगभग 8 बजे भैंस को नहर के पानी से बाहर निकालते समय युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम खापा निवासी 25 वर्षीय अनिल पिता मंगल पंचेश्वर रविवार को सुबह घर की भैंस चराने खंडवा रोड की ओर जा रहा था। तभी भैंस अचानक नहर के पानी में गिर गई। भैंस को बचाने अनिल पंचेश्वर भी नहर के पानी में उतर गया। लेकिन पानी का तेज बहाव होने के चलते अनिल नहर में बहता हुआ आगे चला गया और आगे लोहे से बने भदभदिया में डूब कर फँस गया। वहीं जब खेत में काम कर रहे मृतक अनिल के चचेरे भाई आनंद पंचेश्वर को अनिल दिखाई नहीं दिया, तो उसने बड़ी नहर के पास जाकर उसे ढूँढने का प्रयास किया। लेकिन अनिल के नहीं दिखने पर संदेह के आधार पर वह उसे देखने के लिए नहर में उतर पड़ा। लेकिन नहर के तेज प्रवाह के कारण आनंद अपना संतुलन बरकरार नहीं रख पाया और बहने लगा, तो उसने मदद के लिए गुहार लगाई। उसकी आवाज सुनकर आसपास काम करने वाले ग्रामीणों ने दौड़ कर उसे रस्सी की सहायता से नहर के पानी से बाहर निकाला। लेकिन मृतक अनिल पंचेश्वर कही भी दिखाई नहीं दिया। किंतु कुछ देर बाद मृतक अनिल पंचेश्वर का शव ऊपर पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। तब रस्सी की सहायता से अनिल पंचेश्वर के शव को भी पानी से बाहर निकाला गया और घटना की जानकारी वारासिवनी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के परिवार वालों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा दिया है।



लांजी में अवैध शराब का कारोबार पकड़ा, 300 लीटर शराब जब्त

रिसेवाड़ा में बहेला पुलिस की दबिश, बाड़े के कमरे में छिपाकर रखी थी देशी और अंग्रेजी शराब, एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज लाँजी । बालाघाट जिले की लांजी तहसील के ग्राम रिसेवाड़ा में बहेला थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 300 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त शराब की मात्रा लगभग 30 पेटी बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से आरोपी फाल्गुराम मस्करे, निवासी रिसेवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब शराब कहां से लायी गई थी और इस कारोबार में अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रिसेवाड़ा में अवैध शराब रखे जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। इसके बाद बहेला थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के घर के पीछे बने बाड़े में स्थित एक कमरे से देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी श्री सक्सेना ने बताया कि ग्राम रिसेवाड़ा में अवैध शराब रखे जाने की सूचना पर पहूंची पुलिस को तलाशी के दौरान आरोपी के घर के पीछे बने बाड़े में स्थित एक कमरे से देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। अवैध शराब के खिलाफ यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के आदेश और लांजी एसडीओपी के निर्देश पर की गई कार्यवाही में पुलिस को मौके से खाली पव्वे, ढक्कन और तरल पदार्थ मिलने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस इन सामग्रियों के इस्तेमाल के संबंध में जांच कर रही है। बताया जाता है कि आरोपी शराब में मिलावट कर पैंकिंग कर विक्रय करता था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने शराब लांजी क्षेत्र से लाना बताया है। पुलिस अब शराब की खरीद के स्थान और आपूर्ति से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंच पाया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ धारा 34 (२) के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है।

वारासिवनी में उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा आयोजित

166 सामाजिक चेतना केंद्रों पर 3614 नव साक्षरों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासन के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर 2026 को विकासखंड वारासिवनी में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नव साक्षरों की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतेंद्र शरणागत के निर्देशन में विकासखंड के 166 सामाजिक चेतना केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहाँ कुल 3614 नव साक्षर परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में सहभागिता की।

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य नव साक्षरों के पढने, लिखने एवं सामान्य गणित संबंधी बुनियादी कौशलों का आकलन करना तथा उन्हें साक्षरता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाकर मुख्यधारा से जोडने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

परीक्षा के सफल आयोजन पर उल्लास नव भारत साक्षरता के ब्लॉक समन्वयक भोजराज पटले ने सभी शाला प्रमुखों, शिक्षकों एवं अक्षर साथियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण, सहयोग और सक्रिय सहभागिता की सराहना की। इस व्यापक आयोजन को सफल बनाने में सभी बीएसी, सीएसी, संकुल प्राचार्यों तथा जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी की संपूर्ण टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं अक्षर साथियों के समन्वित प्रयासों से विकासखंड में साक्षरता अभियान को प्रभावी गति मिली। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करने तथा साक्षर एवं जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

भजियापार में लाल मिट्टी का अवैध खनन

राजस्व को लाखों का चूना, विभागीय अफसरों ने आंखों में बांधी पट्टी

हरिभूमि न्यूज कटंगी। कहते हैं कानून की हाथ लंबे और आंखें बड़ी तेज होती हैं, लेकिन कटंगी तहसील में कानून अंधा, बहरा और गूंगा बना हुआ है। तहसील के ग्राम भजियापार में एक दबंग किसान खेत समतलीकरण के नाम पर जेसीबी से दिन-रात खेत का सीना चीर कर लाल मिट्टी निकाल कर निजी मुनाफे के लिए बेचने का काम



रहा है और शासन के तीन जिम्मेदार विभाग राजस्व, खनिज और वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कुंभकर्णीय नींद में सोए हैं। बिना रॉयल्टी, बिना टीपी और बिना पर्यावरणीय अनुमति के सैकड़ों ट्रॉली लाल मिट्टी वन विभाग के सीने को रौंदते हुए ग्राम पंचायत जमुनिया और घुनाड़ी में खपाई जा रही है। पंचायत के निर्माण कार्यों की आड़ में यह काला कारोबार जमकर फल-फूल रहा है और शासन को प्रतिदिन राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। भजियापार के एक किसान ने खेत समतलीकरण के नाम पर खेत में जेसीबी उतार रखी है। हकीकत में खेत की आड़ में 5 फीट से भी अधिक का गहरा गड्ढा खोदकर मुरम-मिट्टी का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। सुबह से शाम तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतार फराटें मारकर परिवहन कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मिट्टी जमुनिया और घुनाड़ी पंचायत को बेची जा रही है, जहां सड़क के साइड शोल्डर और अन्य कार्यों में इसका उपयोग हो रहा है।

गौरतलब हो कि जब पंचायत शासकीय राशि से निर्माण करा रही है तो वह अवैध खनिज क्यों खरीद रही है? यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। पंचायत अधिनियम स्पष्ट कहता है कि किसी भी निर्माण सामग्री की खरीदी वैध रॉयल्टी पर्ची के साथ ही होनी चाहिए। अवैध मिट्टी से निर्माण कराना सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता और शासकीय राशि का दुरुपयोग है, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल रोक लगानी चाहिए। मगर, जनपद के अधिकारी इस बात से अनभिज्ञ है क्योंकि निर्माण कार्यों की जांच के लिए उपयंत्री मौका मुआयना तक नहीं करते। टेबल पर बैठकर ही उपयंत्री निर्माण कार्यों की निगरानी करते है।

उल्लेखनीय है कि किसान अकसर यह भ्रम पालते हैं कि अपने खेत की मिट्टी वह कहीं भी बेच सकते हैं। लेकिन कानून ऐसा नहीं कहता। मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 3 में स्पष्ट है कि मिट्टी, मुरम, पत्थर, रेत सभी गौण खनिज हैं और इनका मालिक शासन है। मप्र अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण निवारण नियम 2006 के नियम 4 के तहत निजी भूमि से भी व्यावसायिक खनन के लिए कलेक्टर से अस्थाई अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है। साथ ही प्रति घन मीटर रॉयल्टी जमा कर ई-परिवहन पास लेना होता है। इस मामले में न तो टीपी है, न रॉयल्टी, न ई-टीपी। यानी 100 प्रतिशत अवैध। ग्रामीणों ने बताया कि किसान अपने खेत से मिट्टी का खनन करवाकर ग्राम पंचायतों के बेच रहा है और मिट्टी का अवैध परिवहन वन मार्ग से हो रहा है।

एक की हालत गंभीर, गोंदिया रेफर, दूसरे के पैर में फैक्चर

कालीमाटी के छोटे नाले के पास दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज लाँजी । लांजी-सहेकी मार्ग पर रविवार शाम करीब 6 बजे कालीमाटी के छोटे नाले के पास दो मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों मोटरसाइकिलों के चालक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे 112 आपातकालीन वाहन की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। यहां उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए गोंदिया रेफर किया गया, जबकि दूसरे के पैर में फैक्चर हुआ है। जानकारी के अनुसार, धुरेन्द्र सिंह बनाफर (38), पिता लक्ष्मण सिंह बनाफर, निवासी सहेकी,



मोटरसाइकिल से लांजी से सहेकी की ओर जा रहे थे। वहीं, राजकुमार घोरमारे (38), पिता कौडूजी, निवासी खजरी, मोटरसाइकिल से सहेकी से लांजी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कालीमाटी के छोटे नाले के पास दोनों मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई। टक्कर के कारण दोनों चालक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर 112 आपातकालीन वाहन के चालक आबिद टीपू और आरक्षक नेमीचंद चेपट (क्रमांक 1144) मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। धुरेन्द्र सिंह बनाफर की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के उपचार के लिए केटीएस अस्पताल, गोंदिया रेफर किया गया। वहीं, राजकुमार घोरमारे के पैर में फैक्चर होने की जानकारी है। लांजी-सहेकी मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

शबरी माता कन्या शिक्षा परिसर सिवनी में जन सुरक्षा-युवा सृजन संवाद कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में संचालित जन सुरक्षा-युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज शबरी माता कन्या शिक्षा परिसर सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य महोदय, हॉस्टल अधीक्षिका एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। श्री ठाकरे द्वारा छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक, संविधान व कानून की समझ, महिला एवं बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन 1930, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, डायल-112, आपदा प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया

दीक्षा दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज लखनादौन। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का अवतरण दिवस एवं मुनि श्री निर्वेगसागर जी का दिक्षा दिवस मनाया शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का एवं आचार्य प्रवर श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज का बड़े ही भक्ति भाव के साथ अवतरण दिवस मनाया, । एवं परम-पूज्य मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज का 30 वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया।
सर्वप्रथम महावीर भवन से प्रभात फेरी निकाली जो श्रमणपुर जैन मन्दिर पहुंची महावीर भवन से श्रमणपुर जैन मंदिर तक मार्ग को रंगोली से सजाया गया। दोपहर में भव्य पंडाल में पूज्य मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज का 30 वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया, सर्वप्रथम मंगलाचरण हुआ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण हुआ, पूज्य मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज के पाद् प्रक्षालन हुए। एवं पूज्य मुनि श्री की अष्ट मंगल द्रव्य से पूजन एवं शास्त्र भेंट हुआ।

बाल सम्प्रेक्षण गृह सिवनी का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अनिल कुमार सोहाने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में बाल सम्प्रेक्षण गृह सिवनी का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त निरीक्षण/शिविर में लक्ष्मण कुमार वर्मा जिला न्यायाधीश सिवनी, पंकज जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी, श्रीमती कला भम्मरकर सीजेएम सिवनी, रवि नायक एसीजेएम सिवनी, जसविता शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी उपस्थित रहे। न्यायाधीशों द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर बच्चों को नालसा (बाल-हितैषी कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विशेष कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, पॉक्सो एक्ट के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई।

नगर में खुलेआम उपयोग हो रही पॉलीथिन, जिम्मेदार मौन?

ठंडे बस्ते में सिंग्गल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

सिवनी नगर में सिंग्गल यूज प्लास्टिक की कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई है। सजी दुकानदार से लेकर शोरूम तक पॉलीथिन का उपयोग जमकर किया जा रहा है। इस पॉलीथिन के उपयोग से जहां प्रकृति को नुकसान हो रहा है। वही मवेशियों की भी मौत हो रही है। नगर पालिका कभी कभार अभियान चलाकर आंकड़ों की पूर्ति कर अभियान को बंद कर देता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सिंगल यूज डिस्पोजल और प्लास्टिक पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा कोई घर नहीं होगा, जहां कचरा में इसका हिस्सा नहीं होगा। कचरा संग्रहण में हर दिन शहरी कचरे में मौजूद करीब पांच टन प्लास्टिक को रोकने नगर पालिका और प्रशासन के प्रयास रंग नहीं ला पाए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मताबिक प्लास्टिक से बनी कछ चीजों पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है। इनमें 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग, थैलियों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक शामिल है। इसके अलावा एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, स्टॉक, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसमें प्लास्टिक से बनी वो स्टिक भी शामिल हैं। जो गुबारे, ईयर बड, आइसक्रीम, कैंडी में इस्तेमाल होती हैं। प्लास्टिक के कप, गिलास, चम्मच, कांटे, चाकू, स्ट्रॉ और प्लास्टिक या पीवीसी से बने 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले बैनर पर भी रोक लगाई गई है। कई वर्ष पहले नगर पालिका के 24 वार्ड में हर स्वसहायता समूहों को बर्तन दिए गए थे। उसके बाद ये व्यवस्था साल-दो साल चली। फिर सिंगल यूज डिस्पोजल प्रभावी हो गए। कपड़ों के थैलों की बिक्री से भी पॉलीथिन को हतोत्साहित किया गया। अधिकारियों के जाते ही इसका उपयोग और बढ़ गया है।

दुकानों में बिक रही पॉलीथिन

इधर थोक किराना बाजार बड़ा बाजार है। जहां इसका बड़ी मात्रा में व्यापार किया जा रहा है। इसके अलावा बुधवारी बाजार के पास भी इस पॉलीथिन बिक रही है। ऐसा नहीं है कि इस बारे में नगर पालिका अधिकारियों को जानकारी नहीं है। इसके बाद अधिकारियों की सांठ-गांठ से पॉलीथिन बेची जा रही है।

सिवनी-बालाघाट फोरलेन को मिली मंजूरी

1,563.02 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए टेंडर हुई जारी

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा सिवनी-बालाघाट फोरलेन सड़क परियोजना के लिए निविदा जारी होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जनप्रतिनिधीयों ने इस महत्वपूर्ण पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सिवनी और बालाघाट के बीच आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा जारी निविदा क्रमांक 723/ एमपीआरडीसी/2026 के अनुसार सिवनी-बालाघाट मार्ग के 91.640 किलोमीटर हिस्से का इंटरमीडिएट लेन से पेव्ड शोल्डर सहित चार लेन में उन्नयन एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,563.02 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है और कार्य पूरा करने की अवधि 24 माह रखी गई है।

जनप्रतिनिधियों के प्रयासों को मिली परिणति

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सिवनी-बालाघाट फोरलेन क्षेत्र की लंबे समय से अपेक्षित आवश्यकता रही है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाने में उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन, क्षेत्रीय सांसद भारती पारधी, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले सहित भाजपा के अन्य नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने परिणामकारी प्रयास किए। मुख्यमंत्री ने परियोजना की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

अब मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा निविदा जारी किए जाने के साथ परियोजना आगे बढने की प्रक्रिया में है।

सिवनी-बालाघाट मार्ग पर यातायात होगा सुगम

फोरलेन सड़क बनने से सिवनी और बालाघाट के बीच यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क की क्षमता बढने से वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी और यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। परियोजना में मौजूदा सिवनी बायपास के 15.69 किलोमीटर हिस्से को भी शामिल किया गया है। इस मार्ग के उन्नयन से व्यापारिक गतिविधियों, कृषि उपज के परिवहन और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ परिवहन और व्यापार से जुड़े लोगों को भी लाभ होगा।

धनौरा में 23 वर्षीय युवक का घर में फंदे पर लटका मिला शव

आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस

सिवनी जिले के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनोरा मुख्यालय में रविवार सुबह एक युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मयंक श्रीवास्तव (23 वर्ष), पिता महेंद्र श्रीवास्तव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मयंक रविवार सुबह अपने कमरे में था। सुबह करीब 10 बजे तक जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने युवक को आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोडक़र कमरे के अंदर देखा तो युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। यह दृश्य देखकर परिजन स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई।
सूचना मिलने पर धनोरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने सहित अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

आत्महत्या के कारणों का पता नहीं

धनोरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ के अनुसार, युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से मिलने वाले साक्ष्यों, परिजनों के बयान और अन्य पहलुओं के आधार पर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।
युवक की असमय मौत से परिवार में शोक का माहौल है। घटना के बाद क्षेत्र में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए सभी आवश्यक पहलुओं पर पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खमरिया पंचायत में भ्रष्टाचार का खुला खेल

फर्जी बिलों के सहारे शासकीय राशि का आहरण कर अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे सरपंच-सचिव

जनपद पंचायत धनौरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में विकास कार्यों के नाम पर कागजों में बंटाधार, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

केशव राय धनौरा-जनपद पंचायत धनौरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में इन दिनों विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार की इबारत लिखी जा रही है। पंचायत के जिम्मेदार पद पर बैठे सरपंच और सचिव नियमों को ताक पर रखकर अपनी जेबें भरने में मस्त हैं। धरातल पर बिना किसी ठोस कार्य के, केवल फर्जी बिलों और वाउचरों के सहारे लाखों रुपये की शासकीय राशि का आहरण कर खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगाते हुए यह जिम्मेदार पूरी तरह से अपना स्वार्थ सिद्ध करने में जुटे हुए हैं।

कागजों पर चमचमा रही पंचायत, धरातल पर बदहाली

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत खमरिया में निर्माण कार्यों से लेकर सामग्री आपूर्ति तक में भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं। जिन कार्यों के लिए राशि निकाली जा चुकी है, उनमें से कई कार्य या तो आधे-अधूरे पड़े हैं या फिर सिर्फ कागजों पर ही पूरे दिखा दिए गए हैं। पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, कंक्रीट सडक़ निर्माण, और शासकीय भवनों की मरम्मत के नाम पर ऐसे वेंडरों और फर्मों के नाम से फर्जी बिल लगाए गए हैं, जिनका वास्तविकता में कोई अस्तित्व ही नहीं है या फिर उन्होंने पंचायत को कोई सामग्री सप्लाई ही नहीं की है और धड़ल्ले से बिलों का भुगतान सरपंच सचिव के द्वारा किया जा रहा है । कभी मटेरियल के नाम से तो कभी स्टेशनरी के नाम पर बिलों का भुगतान किया जा रहा है । कुछ परसेंट कमीशन के



एवज में इन बिल धारकों के द्वारा फर्जी बिल तैयार कर दे दिया जाता है जिसकी अगर उच्च स्तरीय जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा ।
जनपद पंचायत धनौरा के उच्च अधिकारियों को इस बात की भनक होने के बावजूद अब तक कोई कड़ा कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव की इस जुगलबंदी को कुछ स्थानीय रसूखदारों एवं राजनैतिक दलों और अधिकारियों का भी मूक संरक्षण प्राप्त है। जब भी ग्रामीण विकास कार्यों की जानकारी या सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज मांगते हैं, तो उन्हें गोलमोल जवाब देकर टाल दिया जाता है। शिकायत के बाद भी जांच टीमें केवल औपचारिकता पूरी कर लौट जाती हैं, जिससे इन भ्रष्टाचारियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

जनता के हक के पैसे से विलासिता

नाम न छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय में सरपंच और सचिव की आर्थिक स्थिति में अचानक बड़ा उछाल आया है। ग्रामीणों का कहना है कि जो पैसा गांव की नालियों, सडक़ों, और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आना चाहिए था, उस पैसे से यह जनप्रतिनिधि और लोक सेवक अपनी निजी सुख-सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। गांव की मूलभूत सुविधाएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं और लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं ।

सरकारी योजनाओं का नियम विरुद्ध तरीके से दिया जा रहा लाभ

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार नियम विरुद्ध तरीके से सरकारी कर्मचारी को मिलीभगत कर पशु सेड का लाभ दिया गया है ।जबकि अन्य जरुरतमंद लोग सरकारी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं जिनकी सचिव सरपंच द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जाती ।

अधिकारियों का रुख

इस पूरे मामले को लेकर जब जनपद पंचायत धनौरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। खमरिया पंचायत के पिछले कुछ समय के वित्तीय आहरण और निर्माण कार्यों के मस्टरोल तथा बिल-वाउचरों की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा। यदि फर्जी बिलों के माध्यम से राशि आहरण की पुष्टि होती है, तो सरपंच और सचिव के खिलाफ धारा 40 और वित्तीय गबन के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार पर क्या वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई करता है, या फिर हर बार की तरह यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को बूथ स्तर तक ले जाएगी कांग्रेस, नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी महारैली

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता, प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को देशव्यापी स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा घोषित अभियान के तहत पार्टी संगठन को प्रदेश, जिल, ब्लॉक और बूथ स्तर तक सक्रिय कर मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को जन जन तक पहुंचाएगी। कांग्रेस का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूचियों में हुए व्यापक बदलावों की पारदर्शी जांच आवश्यक है। पार्टी का प्रमुख उद्देश्य



यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इसके लिए घर-घर संपर्क, मतदाता सूची की जांच, शिकायतों का संकलन और संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष मामलों को उठाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। **मध्य प्रदेश में एसआईआर के आंकडे, मतदाता सूची में बड़े बदलाव**-मध्य प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची से संबंधित प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, स्द्धक्र से पहले प्रदेश में 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप मतदाता सूची में यह संख्या 5,31,31,983 रही, जबकि अंतिम मतदाता सूची में 5,39,81,065 मतदाता दर्ज किए गए। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान कुल 34,25,078 नाम हटाए जाने की जानकारी सामने आई। वहीं, प्रारूप सूची से अंतिम सूची तक 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ईनामी दंगल, सम्मान समारोह एवं राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता में किया सहभागिता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं खेल आयोजनों में सहभागिता कर आयोजकों, खिलाडियों और नागरिकों से मुलाकात की।
इस दौरान आपने आयोजनों की सराहना करते हुए आयोजन समितियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने सर्वप्रथम नगर के मठ मंदिर मैदान में श्री बजरंग अखाड़ा सिवनी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले विशाल इनामी दंगल में अतिथि के रूप में सहभागिता किया। जहां पर समिति के पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही आपने भी उपस्थित कुश्ती प्रेमियों का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया।
इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने



स्वागत-सत्कार के लिए समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दंगल के सफल आयोजन हेतु आयोजकों को साधुवाद दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य जन सहित बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी बंधु उपस्थित रहे। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी नगर के शुक्रवारी में श्री बालरूप हनुमान मंदिर समिति द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नवरात्रि दुर्गा उत्सव आयोजन समितियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। जहां पर आयोजन समिति द्वारा श्री राय का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।
इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दुर्गा उत्सव के आयोजन में योगदान देने वाली समितियों के प्रति सम्मान व्यक्त कर सराहना किया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी नगर के समीपस्थ ग्राम लूघरवाड़ा स्थित कृष्णा लॉन में आयोजित राज्य स्तरीय विशाल चौपड़ प्रतियोगिता-2026 में सम्मिलित हुए। यहां आयोजन समिति के सुरेन्द्र शेरू माल्या जी एवं उनके सहयोगियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट करते हुए श्री राय का सम्मान किया।
इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों एवं आयोजकों से मुलाकात किया। तथा सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना किया।

देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना, देवभूमि को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने का किया आह्वान

राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन ने पहली बार किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सिवनी के पूर्व सांसद विधायक एवं श्री विभागीय मंत्री डॉक्टर ढाल सिंह बिसेन ने केदारनाथ देवभूमि उत्तराखण्ड के राज्यपाल माननीय डॉ. ढालसिंह बिसेन ने राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद पहली बार श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदारनाथ के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं, देशवासियों और प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए बाबा केदारनाथ से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। राज्यपाल डॉ. बिसेन ने कहा कि बाबा केदारनाथ की कृपा से उन्हें दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड को नमन करते हुए चारों धामों की पावन भूमि पर राज्यपाल के रूप में सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। बाबा के आशीर्वाद से उत्तराखण्ड सहित पूरा देश सुख, शांति और समृद्धि की दिशा में निरंतर आगे बढ़े, यही उनकी कामना है।

देवभूमि की पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी

राज्यपाल डॉ. बिसेन ने देवभूमि की पवित्रता बनाए रखने पर जोर देते हुए श्रद्धालुओं और पर्यटकों से उत्तराखण्ड को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'नशामुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत को संजोना और परंपराओं की रक्षा करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड देश को संस्कार देने वाली पवित्र भूमि है। यहां की परंपराओं, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना भी जरूरी है, ताकि देवभूमि की प्राकृतिक सुंदरता और पवित्रता बनी रहे। इस अवसर पर राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन की धर्मपत्नी श्रीमती भानुमति बिसेन तथा जिलाधिकारी विशाल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

घंसौर में बहेगी भक्ति की अविरल धारा, 28 अक्टूबर से गूंजेगा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य संदेश

श्री अनिकेत कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से होगी संगीतमय कथा, भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में उमड़ेगा श्रद्धा और आस्था का सैलाब, आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमियों से सपरिवार पहुंचने की भावपूर्ण अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



धर्म, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के अनुपम संगम का साक्षी बनने जा रहा है घंसौर। नगर के मंडला नाका, पुराने बस स्टैंड स्थित कथा स्थल पर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं दिव्य महादरबार का भव्य आयोजन किया जाएगा। पूज्य श्री अनिकेत कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से कथा का रसपान करने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।
आयोजन का शुभारंभ 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्री राम मंदिर से निकलने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा के माध्यम से नगर में भक्ति और मंगलभाव का संदेश प्रसारित किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा होगी। कथा का प्रसारण शाम 4 बजे से संस्कार चैनल पर भी किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा जीवन में सदाचार, प्रेम, सेवा, समर्पण और संस्कारों को आत्मसात करने की प्रेरणा देने वाला आध्यात्मिक अवसर है। आयोजकों को विश्वास है कि इस आयोजन से क्षेत्र में धर्म और अध्यात्म के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा तथा श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होने का अवसर मिलेगा।

आयोजकों की भावपूर्ण अपील-

समस्त ग्रामवासियों, नगरवासियों एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह है कि इस पावन धार्मिक आयोजन में सपरिवार सम्मिलित होकर श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें। भव्य कलश यात्रा में सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाएं और भक्ति, प्रेम, सद्भाव एवं सनातन संस्कारों के इस महापर्व को सफल बनाने में अपना योगदान दें। आपकी उपस्थिति ही इस धार्मिक आयोजन की वास्तविक गरिमा और उत्साह होगी। आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक महोत्सव का हिस्सा बनें।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

स्वास्थ्य विभाग में फिर हड़कम्प

एक सप्ताह में तीन आदिवासी बच्चों की मौत!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बैहर क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर 3 आदिवासी बच्चों की मौत हो गई। इनमें से 2 बच्चों ने रविवार को दम तोड़ा, जबकि एक बच्चे की मौत 22 अक्टूबर को हुई थी। मृतकों में बिरसा विकासखंड के खैरटोला की 3 साल की रेखा और सोनगुड्डा के सुंदरवाही का 2 महीने का शिवम उइके शामिल हैं। रेखा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, जबकि शिवम की मौत श्वास नली में दूध जाने से होने की आशंका जताई गई है।



इससे पहले 22 अक्टूबर को मातला निवासी 1 साल 4 महीने के बिसरू परते की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, उसकी मौत मलेरिया से हुई है, हालांकि सैंपल रिपोर्ट आना बाकी है। सीएमएचओ डॉ. शत्रुघन सिंह दाहिया ने तीनों बच्चों की मौत के मामलों में बाल मृत्यु समीक्षा कराने की बात कही है।

बैहर के आदिवासी इलाकों में जून से ही बच्चों की मौतों के मामले सामने आ रहे हैं। इनकी वजह खसरा, मलेरिया, कुपोषण और चर्मरोग जैसी बीमारियां बताई जा रही हैं। मातला के कुछ बीमार बच्चों का लांजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सीएमएचओ डॉ. दाहिया के मुताबिक, स्तनपान के बाद छोटे बच्चे को डकार दिलाना जरूरी है। कई बार बच्चा दूध पीने के बाद मुंह में दूध रखे रहता है। सोते समय यह दूध भोजन नली से वापस आकर श्वास नली में जा सकता है। इससे सांस लेने में परेशानी हो सकती है।

कटंगी में 7 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया

एसडीएम विजय सिंह यादव के निर्देश पर नगर पालिका ने चलाया अभियान, आवारा पशुओं की समस्या दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कटंगी नगर में आवारा मवेशियों की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अनुभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) श्री विजय सिंह यादव के निर्देश पर शनिवार और रविवार को चलाए गए अभियान में काऊ-कैचर की मदद से सात आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया।

एसडीएम श्री यादव को भ्रमण के दौरान तथा नागरिकों से शिकायतें प्राप्त हुई थीं कि कटंगी की मुख्य सड़क सहित विभिन्न वार्डों में आवारा मवेशी घूमते रहते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। साथ ही मवेशियों के आपस में लड़ने से नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम श्री यादव ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका की टीम ने विशेष अभियान चलाकर सात आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिन पहले भी एसडीएम के निर्देश पर आधा दर्जन से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया था।

क्षएसडीएम श्री यादव ने सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि नगर में आवारा मवेशियों की समस्या के निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सुबह और शाम सफाई व्यवस्था बेहतर रखने तथा शहर में कहीं भी गंदगी न रहने देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें, ताकि सभी नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

मुंडीवाड़ा में गूंजा ऊँ साईं राम



भगवान सांईं की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केंद्र कंधों पर डोला लेने को आतुर दिखे भक्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर के वार्ड क्रमांक 9, 10 और 11 के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साईं डोले का भव्य आयोजन किया गया। साईं मंदिर स्थापना के छह वर्ष पूर्ण होने पर यह डोले का पांचवां पावन अवसर था। रविवार 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे साईं मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच साईं बाबा की विधि-विधान से पूजा, अभिषेक और महाआरती की गई। विशेष श्रृंगार के बाद बाबा को फूलों से सजे डोले में विराजमान किया गया। इसके बाद आकर्षक झांकियों और ढोल-नगाड़ों के साथ डोला मुंदीवाड़ा भ्रमण पर निकला। भगवान सांईं की जीवंत झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। धर्मप्रेमियों ने जीवंत झांकी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। डोले के दर्शन को लेकर भक्तों में ऐसी होड़ मची कि हर कोई एक बार कंधा देने को लालायित नजर आया। भक्तों ने बारी-बारी से डोले को कंधों पर उठाकर स्वयं को धन्य माना। ऊँ साईं राम और सबका मालिक एक के उद्घोष से पूरा मुंडीवाड़ा भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह पुष्पवर्षा से डोले का स्वागत किया गया। डोले में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा के साथ शामिल हुए। मुंदीवाड़ा भ्रमण के बाद डोला पुनः मंदिर पहुंचा, जहां विश्राम के बाद भजन-कीर्तन शुरू हुआ। आयोजन समिति के अनुसार शाम को विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्मप्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

पंवार समाज का जिला स्तरीय शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भव्यता के साथ संपन्न







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पंवार क्षत्रिय समाज का जिला स्तरीय शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह जिला मुख्यालय स्थित पंवार क्षत्रिय छात्रावास में अध्यक्ष श्री विशाल बिसेन के नेतृत्व में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समाज की एकजुटता, शैक्षणिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित इस आयोजन में हजारों समाजजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय मदनलाल चौधरी जी की स्मृति में किया गया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 350 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान रहा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का भी अभिनंदन किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा युवा पीढ़ी को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

कन्या छात्रावास निर्माण की मांग उठाई

कार्यक्रम के दौरान पंवार समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने लोकसभा सांसद श्रीमती भारती पारधी के समक्ष जिला मुख्यालय में समाज की बालिकाओं के लिए कन्या छात्रावास निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि समाज की मंशा है कि जिला मुख्यालय में ऐसा छात्रावास स्थापित हो, जहां दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली समाज की बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेहतर आवासीय सुविधा मिल सके। यह पहल बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों की रही उपस्थिति

समारोह में पंवार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक मधु भगत, आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े सहित राष्ट्रीय एवं जिला प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक मधु भगत, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन, एडिशनल जीएसटी कमिश्नर ऋषि बिसेन, भारतीय अभियांत्रिकी सेवा अधिकारी प्रसून बोपचे, विंग कमांडर यू.के. चौधरी, श्रीमती पुष्पा बिसेन, श्रीमती निर्मला पटले सहित अन्य समाजजनों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक एकता, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और समाज के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार व्यक्त किए।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

महोत्सव में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं द्वारा सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटकों का मंचन कर जनजागरूकता और सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। लगभग 10 घंटे तक चले इस सम्मेलन में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला।

शिक्षा और सामाजिक सशक्तीकरण का संदेश

शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह ने समाज की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने, प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मान देने तथा बालिकाओं की शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की प्रतिबद्धता को प्रमुखता से सामने रखा। हजारों समाजजनों की सहभागिता के साथ संपन्न यह आयोजन सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक गौरव और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का महत्वपूर्ण अवसर बना।

लाखों की ट्राय-ट्रेन महीनेभर में बंद, बच्चों का मनोरंजन ठप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मोती उद्यान में बच्चों के मनोरंजन के लिए लाखों रुपये की ट्राय-ट्रेन एक महीने में ही बंद हो गई है। इससे अभिभावकों को बच्चों के साथ निराश होकर लौटना पड़ रहा है।



उद्यान प्रभारी प्रभात ने बताया कि ट्रेन चालक के नहीं आने से ट्रेन बंद है। दशकों से उद्यान के पास ठेला लगाने वाले जगदीश ने कहा कि चार-पांच दिनों से ट्रेन चल नहीं रही है। बच्चों के साथ पहुंची संध्या राहंगडाले ने बताया कि ट्रेन बंद होने से बच्चे निराश हैं। नगरपालिका को इसे जल्द शुरू कराना चाहिए।

मोती उद्यान में सुविधाओं का बंद होना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले तालाब में बोटिंग भी धूमधाम से शुरू हुई थी, लेकिन वह भी बंद हो गई। लाखों रुपये की बोटें अब खराब हो रही हैं। नागरिकों ने इस पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि नगरपालिका सिर्फ सुविधाएं बढ़ाने का दावा करती है, पर वे कुछ ही दिन चलती हैं। लोग पूछ रहे हैं कि उद्यान में सामान मनोरंजन के लिए है या सिर्फ खरीदी के लिए।

पत्नी को बचाने के लिए कुएं में उतरा पति, दोनों की गई जान

कुएं में डूबने से पति-पत्नी की मौत,गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम सीताडोंगरी के वार्ड क्रमांक 5 में घर के पीछे आंगन में बने कुएं में डूबने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, मृतका कांति बाई उइके (48) घर के पीछे स्थित कुएं से पानी लेने गई थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गईं। पत्नी को बचाने के लिए उनका पति अंजोर सिंह उइके उम्र (52) भी कुएं में उतर गए। इस दौरान दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।बताया गया कि दंपती कृषि मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और तीन बेटे शामिल हैं। दोनों बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। परिवार के चार बच्चे मजदूरी के लिए नागपुर गए हुए हैं।इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक व्याप्त है।



कटंगी में एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट कराई, बैहर में मिठाई दुकानों का निरीक्षण; गंदगी मिलने पर नोटिस जारी

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की कटंगी और बैहर में छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम द्वारा 23 अक्टूबर को कटंगी तथा 24 अक्टूबर को बैहर नगर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। इस दौरान शहद, खोवा, रसगुल्ला, कलाकंद, पेड़ा, बर्फी, खाद्य रंग, सोया बड़ी और मसूर दाल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं, एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने पर उसे नष्ट कराया गया तथा साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए।

कटंगी नगर में शिकायत के आधार पर डीबी मार्ट में बिक रहे झंडू कंपनी के शहद की जांच के लिए नमूना लिया गया। इसके साथ ही टाटा कंपनी के शहद का नमूना भी जांच के लिए लिया गया। बस स्टैंड स्थित वाघाड़े होटल में गंदगी और अस्वच्छता पाए जाने पर प्रकरण बनाया गया। नगर पालिका परिसर स्थित नेमा स्वीट्स का निरीक्षण कर संचालक को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



बैहर नगर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जय साइकिल स्टोर्स मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट की दुकान एवं स्टोर का निरीक्षण किया। स्टोर में खाद्य सामग्री के रखरखाव में अव्यवस्था पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। यहां से खोवा एवं रसगुल्ला के नमूने जांच के लिए लिए गए। बस स्टैंड स्थित खेतेश्वर राजस्थान स्वीट्स से कलाकंद एवं पेड़ा के नमूने लिए गए। वहीं, किराना लाइन स्थित कदम स्वीट्स की रसोई में अस्वच्छता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया तथा नारियल लड्डू, पेड़ा और बर्फी के नमूने जांच के लिए लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बस स्टैंड स्थित जय साइकिल मार्ट में रैपिड किट के माध्यम से खोवा, पनीर एवं दूध की प्रारंभिक जांच भी की गई। मौके पर जांचे गए नमूनों में किसी प्रकार की प्रारंभिक अनियमितता नहीं पाई गई।

किराना लाइन गुजरी स्थित साईं किराना स्टोर की जांच के दौरान एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने पर लगभग चार हजार रुपये मूल्य की सामग्री नष्ट कराई गई। यहां से खाद्य रंग के दो नमूने भी जांच के लिए लिए गए। मनीष किराना स्टोर्स के निरीक्षण के दौरान सोया बड़ी एवं मसूर दाल के नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य छोटे-बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों में पंजीयन एवं साफ-सफाई की स्थिति की भी जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार डोंगरे एवं गीता टांडेकर ने बताया कि सभी संग्रहित नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं में निर्धारित सुधार नहीं किए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

कटंगी पुलिस को मिली सफलता भोपाल से दबोचा गया आरोपी

नौकरी के नाम पर 9 लाख की ठगी!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



नौकरी लगाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक के पिता से 9 लाख रुपये हड़पने वाले शातिर ठग को आखिरकार कटंगी पुलिस ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को रविवार सुबह कटंगी लाकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल वारासिवनी भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेन्द्र मिश्रा निवासी कटंगी ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आकाश पिता नारायण सिंह ठाकुर उम्र 32 वर्ष निवासी सिवनी हाल मुकाम भोपाल ने उसे अच्छी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ने खुद की ऊंची पहुंच और अधिकारियों से जान-पहचान होने का रौब दिखाकर प्रार्थी से कुल 9 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी न तो नौकरी लगी और न ही पैसे वापस मिले, तो प्रार्थी को अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। प्रार्थी की शिकायत पर कटंगी पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बालाघाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और एसडीओपी कटंगी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कटंगी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भोपाल में है।

सूचना मिलते ही टीम ने भोपाल में दबिश दी और बड़ी ही चतुराई से आरोपी आकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। रविवार सुबह पुलिस टीम उसे लेकर कटंगी पहुंची। थाने में कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(3), 318(4), 338, 3/5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।